न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अलवर

पीठासीन अधिकारी – श्री प्यारे लाल सोठवाल (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	तारीख दायर	तारीख निर्णय
03/36/2022	01.04.2022	19.04.2022

बउनवान

नकचा पुत्र नक्कू वगैरा जाति मेवान निवासी ग्राम बिजोपुर तहसील व जिला अलवर।

––प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार अलवर।

––अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत 136

: निर्णय :

प्रार्थीगण ने प्रशासन गांव संग अभियान 2021 में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0अधि0 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी की ग्राम बिजोपुर तहसील व जिला अलवर हाल जमाबन्दी संवत 2072–2074 के खाता संख्या 310,28,220,71,284,290,312, में का प्रार्थीगण के गलत नाम का अंकन है। अतः पहचान पत्र के हिसाब से खाता संख्या 220,290,284,312,71,310,में आसन के स्थान पर आसम,कमरूदीन के स्थान कमरदीन, छुट्टी के स्थान पर छुट्टा, फासन के स्थान पर फारून, हपिजन पत्नि स्व0 फासन के स्थान पर हपिजन पत्नि स्व0 फारून, के नाम की दुरूस्ती एवं खाता संख्या 28 में इसी प्रकार नाम दुरूस्त करते हुए कम्मू पुत्र नक्कू का नाम जो रह गया है। उसे जोडते हुए एवं खाता संख्या 310 में भी इसी प्रकार दुरूस्ती करते हुए कमरदीन पुत्र नक्कू के नाम का इन्द्राज करते हुए दुरूस्ती करने का निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार अलवर से रिर्पोट ली गई तहसीलदार अलवर ने अपनी रिर्पोट क्रमांक 2156 दिनांक 14.03.2022 में उपरोक्तानुसार दुरूस्ती करने ककी अनुषंशा की है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0अधि0 तहसीलदार अलवर की अनुषंशा के आधार पर स्वीकार किया जाता है। ग्राम बिजोपुर के खाता संख्या **220,290,284,312,71,310,**में आसन के स्थान पर आसम,कमरूदीन के स्थान कमरदीन, छुट्टी के स्थान पर छुट्टा, फासन के स्थान पर फारून, हपिजन पत्नि स्व0 फासन के स्थान पर हपिजन पत्नि स्व0 फारून, के नाम की दुरूस्ती एवं खाता संख्या **28** में इसी प्रकार नाम दुरूस्त करते हुए अन्य खातेदारान के साथ कम्मू पुत्र नक्कू के नाम का इन्द्राज करते हुए एवं खाता संख्या **310** में भी इसी प्रकार दुरूस्ती करते हुए कमरदीन पुत्र नक्कू के नाम का इन्द्राज करते हुए दुरूस्ती किये जाने के तहसीलदार अलवर को आदेश दिये जाते है। निर्णय की प्रमाणित प्रति तहसीलदार अलवर को पालनार्थ भिजवाई जावें।

(प्यारे लाल सोठवाल)
उपखण्ड अधिकारी
अलवर

उपखण्ड अधिकारी
अलवर